## हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2021 के परीक्षा परिणाम के संबंध में सामान्य प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या हाईस्कूल की परीक्षा आयोजित की जावेगी। | सत्र 2020–21 में हाईस्कूल मुख्य परीक्षा आयोजित नहीं होगी। |
| 2. | किन परीक्षाओं का अधिभार वार्षिक रिजल्ट बनाने में लिया जावेगा। | (1) अर्धवार्षिक/प्री बोर्ड<br>(2) यूनिट टेस्ट<br>(3) आंतरिक मूल्यांकन |
| 3. | प्रत्येक परीक्षार्थी के प्राप्तांकों की गणना कितने अंको से की जावेगी। | 100 अंको से |
| 4. | प्रत्येक विषय में कितने अंकों से अधिभार दिया जायेगा। | 100 में से प्राप्त अंको को शाला द्वारा 20 अंको में से प्राप्त होने वाले अंको में Prorata के आधार पर |
| 5. | OMR शीट्स में वास्तविक प्राप्तांक भरने है अथवा अनुत्तीर्ण छात्र को उत्तीर्ण करते हुये अंक भरने है। | वास्तविक प्राप्तांक अंकित किये जाये। अनुत्तीर्ण छात्रों को न्यूनतम उत्तीर्णांक मण्डल स्तर पर प्रदान किये जायेगे। |
| 6. | अर्धवार्षिक/प्री बोर्ड परीक्षा में से कितना अधिभार देना है। | 50% |
| 7. | यूनिट टेस्ट में कितना अधिभार देना है। | 30% |
| 8. | आंतरिक मूल्याकन में कितना अधिभार देना है। | 20% अर्थात् आंतरिक मूल्यांकन के 20 अंक में से प्राप्त अंको को यथावत रखा जायेगा। |
| 9. | किसी विषय में कुल 100 में से 80 अंक प्राप्त हुए तो OMR में कितने अंक भरे जावेगे। | 100 में से प्राप्त अंक = 80<br>01 में से प्राप्त अंक = 80/100<br>अतः 20 में प्राप्त अंक = (80/100) X 20 = 16 |
| 10. | विज्ञान एवं NSQF के प्रायोगिक अंक कैसे भरे जावेगे। | प्रायोगिक अंक परीक्षार्थी के वार्षिक प्रदर्शन के आधार पर OMR में अंक प्रदान किये जायेगे। प्रायोगिक अंक पृथक से OMR में नहीं भरे जायेगे। कुल अंको के आधार पर OMR भरी जानी है। |
| 11. | अर्धवार्षिक परीक्षा/प्री बोर्ड/यूनिट टेस्ट एवं आंतरिक मूल्यांकन के मूल अभिलेख संस्था या समन्वय संस्था में रखना है? | मूल अभिलेख स्वंय की संस्था में सील्ड कर रखना है। |
| 12. | बेंचमार्क अंक क्या है? | विगत 03 वर्षो में से सर्वश्रेष्ठ औसत अंक शाला के बेंचमार्क अंक होगे। |
| 13. | वर्ष 2021 का अधिकतम परीक्षा परिणाम क्या होगा। | विगत 03 वर्षो के औसत अंको के सर्वश्रेष्ठ से +2% से ज्यादा नहीं होगा। |
| 14. | यदि तीन वर्षो का औसत अंक 72% है तो इस वर्ष शाला का अधिकतम औसत अंक कितने होगे। | 72 + 2 = 74%<br>अधिकतम 74% तक |
| 15. | यदि किसी शाला में 03 वर्षो के औसत अंक उपलब्ध नहीं है या नवीन उन्नयन शाला है तब औसत अंक कैसे निकालेगे? | ऐसी स्थिति में विगत तीन वर्षो के सर्वश्रेष्ठ प्रदेश औसत अंको को उस शाला का बेंचमार्क माना जावेगा। संस्था के एम.पी. ऑनलाईन लागिन में प्रदेश औसत अंक उपलब्ध है। |
| 16. | शाला के वर्तमान सत्र के बेंचमार्क अंको की गणना किस प्रकार की जायेगी? | शाला के छात्रों द्वारा प्राप्त वास्तविक अंको के योग के आधार पर की जायेगी। |
| 17. | अनुपस्थित छात्रों के अंक कितने दिए जावेगे। | शून्य |
| 18. | औसत अंक शाला को कैसे प्राप्त होगे | शाला के एम.पी.ऑनलाईन लागिन में उपलब्ध कराये गये है। |
| 19. | PASS अंकित छात्रों के कितने अंक मान्य किए जावेगे। | 33 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | यदि संस्था में 92 छात्र है और समस्त छात्रों के अंको का कुल योग 30467 है तो औसत अंक कितने होगे। | $\frac{30467}{92} = 331.16$ |
| 21. | 331.16 अंक का प्रतिशत कितना होगा? | 92 X 600 = 55200<br>$\frac{55200}{30467} = 55.19\ \%$ |
| 22. | मण्डल द्वारा किसी शाला के परिणाम का Moderation कब किया जावेगा? | विगत तीन वर्ष के सर्वश्रेष्ठ औसत से 02% अधिक होने पर |
| 23. | मण्डल द्वारा कब Moderation नहीं किया जावेगा? | सर्वश्रेष्ठ औसत से कम अंक प्रदान करने पर |
| 24. | मण्डल द्वारा Moderation में समानुपातिक कटौत्रा करने का क्रम क्या होगा। | अंक कटौत्रे हेतु क्रम क्रमशः तृतीय भाषा , प्रथम भाषा, द्वितीय भाषा, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित रहेगा। |
| 25. | जो छात्र अनुत्तीर्ण हो रहे है क्या उन्हें शाला स्तर पर उत्तीर्ण करते हुए अंक प्रेषित किये जाने है? | जी नहीं। शाला द्वारा छात्र के वास्तविक प्राप्तांक प्रेषित किये जाये। |
| 26. | अनुत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थी को कितने न्यूनतम अंक प्रदान कर उत्तीर्ण करना है। | 33% न्यूनतम उत्तीर्णाक |
| 27. | अनुत्तीर्ण कौन सा परीक्षार्थी होगा? | समस्त विषयों में अनुपस्थित रहने वाला परीक्षार्थी |
| 28. | अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी पुनः कब परीक्षा दे सकता है? | आगामी सत्र 2021—22 में |
| 29. | अंध—मूक—बधिर श्रेणी के परीक्षार्थी का परिणाम कैसे बनेगा? | सामान्य छात्रों के अनुसार ही |
| 30. | स्वाध्यायी छात्रों का परीक्षा परिणाम कैसे बनेगा? | न्यूनतम उत्तीर्ण 33 अंक अंकित करते हुए अंकसूची जारी की जावेगी। |
| 31. | बेस्ट ऑफ फाईव पद्धति इस सत्र 2021—21 में लागू रहेगी। | जी हॉ |
| 32. | क्या शाला स्तर पर परीक्षा परिणाम बेस्ट ऑफ फाईव के आधार पर तैयार किया जाये। | जी नहीं। समस्त छः विषयों के प्राप्तांक के आधार पर शाला के इस सत्र के औसत अंको की गणना की जाये न कि बेस्ट ऑफ फाईव पद्धति के अंतर्गत आने वाले पॉच विषयों पर। |
| 33. | अंकसूची में श्रेणी अंकित की जावेगी क्या? | जी हॉ, नियमित परीक्षार्थियों की अंकसूची में श्रेणी अंकित की जावेगी। |
| 34. | ऑनलाईन OMR शीट्स भरने की सुविधा कब से उपलब्ध होगी। | दिनांक 24/05/2021 से संस्था के एम.पी. ऑनलाईन के लागिन में |
| 35. | आंतरिक/प्रायोगिक परीक्षा की OMR शीट्स जमा करना कब आवश्यक नहीं होगा? | ऑनलाईन अंक प्रेषित करने के विकल्प का चयन करने पर |
| 36. | NSQF के विषयों में कितने नम्बरों के आधार पर OMR शीट्स में प्रोरेटा के आधार पर अंक प्रदान किये जावेगे? | कुल 100 अंकों में से प्राप्त कुल अंको को 60 अंको में प्रोरेटा के आधार पर |
| 37. | यदि किसी छात्र के अंक दशमलव में (जैसे 10.8) बनते है तो OMR शीट्स में क्या अंक भरे जाये। | OMR शीट्स में अंक पूर्णाक में ही भरे जा सकते है। पूर्णाक में परिवर्तित करने हेतु राउंडिग की जाये। |
| 38. | राउंडिग कैसे की जाये? | दशमलव भाग में 0.5 से कम हो तो दशमलव भाग को छोडकर पूर्णाक अंकित करे। दशमलव भाग में 0.5 या इससे अधिक हो तो अगले पूर्णाक को अंकित करे। उदाहरण—<br>(10.4 = 10)<br>(10.5 = 11)<br>(10.6 = 11) |
| 39. | क्या ऑनलाईन/ ऑफलाईन दोनों पद्धतियों से अंक जमा किये जाना है? | जी नहीं। ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन एक ही पद्धति का चयन करें। |

| | | |
|---|---|---|
| 40. | क्या कुछ छात्रों के अंक ऑनलाईन तथा कुछ छात्रों के अंक ऑफलाईन जमा किये जा सकते है? | जी नहीं। संस्था के सम्पूर्ण अंक एक ही पद्धति से जमा होगे। |
| 41. | NSQF में 100 में से किसी परीक्षार्थी को 80 अंक (सैद्धा.+प्रायो.) के प्राप्त हुए तब OMR शीट्स में कितने अंक प्रोरेटा के आधार पर अकित किए जावेगा। | 48 अंक |
| 42. | जिले की समन्वय संस्था में OMR शीट्स (मेन्यूअल/ऑनलाईन) जमा करने की नवीन संशोधित तिथी क्या निर्धारित है। | 10 जून 2021 |
| 43. | पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन के अंक किस प्रकार जमा होगे? | संस्थाओं को उपलब्ध कराई गई OMR शीट्स के माध्यम से |
| 44. | क्या इस वर्ष पूरक परीक्षा आयोजित की जायेगी? | जी नहीं |
| 45. | क्या इस वर्ष प्रावीण्य सूची जारी की जायेगी? | जी नहीं |
| 46. | विज्ञान विषय के स्वाध्यायी छात्रों की OMR शीट्स भरी जानी है अथवा नहीं | जी नहीं |
| 47. | शासकीय शालाओं में यूनिट टेस्ट नहीं हुए बल्कि रिवीजन टेस्ट हुए। क्या इसे यूनिट टेस्ट माना जाये? | जी हॉ |